## खबर संक्षेप

### सिकल सेल से पीड़ित ज्योति को कमिश्नर ने दी सलाह



**शहडोल।** कमिश्नर बी.एस.जामोद ने शहडोल जिले के बुढार विकासखंड के ग्राम पंचायत नवलपुर भ्रमण के दौरान सिकल सेल से पीड़ित ज्योति बैगा के घर पहुंचकर मुलाकात की तथा उसके स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान ज्योति बैगा ने कमिश्नर को बताया कि उसका उपचार जिला चिकित्सालय के चिकित्सकों द्वारा किया जा रहा है, दवाईयों से उसे काफी फायदा हुआ है अब उसे किसी भी प्रकार की परेशानी नही हो रही है। कमिश्नर को उन्होंने बताया कि उन्हें बीमारी का पता गर्भकाल में हुआ तब से उसका उपचार ठीक से किया जा रहा है। चर्चा के दौरान कमिश्नर ने सिकल सेल से पीडित ज्योति बैगा को बताया कि वह निरंतर दवाईयां का सेवन करते रहें फल खाएं, आनार खाएं व मुन्गे की सब्जी भी खाएं। कमिश्नर ने ज्योति बैगा के बच्चें के संबंध में भी जानकारी ली। जिस पर कमिश्नर को ज्योति बैगा ने बताया कि उसका बच्चा पूर्णतः स्वस्थ्य है। चर्चा के दौरान कमिश्नर ने सिकल सेल से पीड़ित ज्योति बैगा के पति से भी चर्चा की तथा मौके पर उपस्थित स्वास्थ्य कार्यकर्ता को निर्देश दिए कि गाम पंचायत में 4 लोग सिकल सेल से पीड़ित मरीजों की सतत रूप से मॉनिटरिंग करें। हर सप्ताह घरों में जाकर संपर्क करें तथा मरीजों को सतत रूप से दवाईयां को सेवन करने के लिए प्रेरित करें।

### आयुष्मान आरोग्य केंद्र का कमिश्नर ने किया निरीक्षण



**शहडोल।** कमिश्नर बी.एस. जामोद ने शहडोल जिले के बुढार विकासखंड के ग्राम पंचायत नवलपुर भ्रमण के दौरान आयुष्मान आरोग्य केंद्र नवलपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने आयुष्मान केंद्र में उपस्थित स्वास्थ्य कार्यकर्ता से ग्राम पंचायत में गर्भवती माताओं की संख्या, बच्चों की संख्या, सिकल सेल एनीमिया से पीडित रोगियों की संख्या की जानकारी ली। जिस पर स्वास्थ्य कार्यकर्ता ने कमिश्नर को बताया कि ग्राम पंचायत में 28 गर्भवती माहिलाएं है। जिस पर कमिश्नर ने गर्भवती माताओं के रजिस्टर के संबंध में जानकारी चाही। कमिश्नर की जानकारी मागने पर स्वास्थ्य कार्यकर्ता ने बताया कि उसके पास रजिस्टर उपलब्ध नही है जिस पर कमिश्नर ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा की गर्भवती माताओं, बच्चों, सिकल सेल से पीडित बच्चों के लिए आयुष्मान आरोग्य केंद्र में रजिस्टर संधारित करें तथा सतत रूप महिलाओं, सिकल सेल से पीडित बच्चों, तक अपनी पहुच बनाएं तथा समुचित उपचार मुहैया कराएं।

### इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर में किया पौधरोपण



**शहडोल।** कमिश्नर बी.एस.जामोद के नेतृत्व में इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पौधरोपण कार्यक्रम में कमिश्नर बी.एस . जामोद, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुमुंदनी पटेल, प्राचार्य डॉ. पी.एल.वर्मा एवं इंजीनियरिंग कॉलेज के प्राध्यापकों और कर्मचारियों ने इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर में पौधरोपण किया।

### अस्पताल में रोगियों के भोजन की घटेगी गुणवत्ता

# विसंगतियों की अनदेखी कर दे दिया भोजन का ठेका

**शहडोल।** अव्यवस्थाओं के लिए आए दिन विवादों में रहने वाला जिला अस्पताल इन दिनों भोजन व्यवस्था को लेकर सुर्खियों में है। बताते हैं कि यहां रोगियों के लिए खाना बनाने के लिए टेण्डर दिया गया है। जिसमें विसंगतियों को अनदेखा कर केवल अस्पताल अमले की मनमानियां ही प्रभावशील दिखाई पड़तीं हैं। ज्ञातव्य है कि जिला अस्पताल की टेण्डर प्रक्रिया विवादों में आ जाती है, इसी तरह सफाई का ठेका भी एक अर्से तक चर्चा में रहा। जिला अस्पताल की प्रशासनिक व्यवस्था कुछ बाबुओं के हाथ की कठपुतली बन गई है। जिस फर्म को भोजन का ठेका दिया गया है वह ठेका शर्तों को पूरा नहीं करती है। ऐसी हालत में वह किस तरह मरीजों को मीनू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण खाना उपलब्ध करा पाएगी, यह समझ के परे है।




### टेण्डर में रहीं कई विसंगतियां

जब जिला अस्पताल में मरीजो के खाने से संबंधित नए टेंडर आवेदन निकले तो उसमें कई फार्मो ने भाग लिया। लेकिन जिस निविदाकार की निविदा को स्वीकृत किया जा गया उसमें कई विसंगतियां है। निविदाकार को 3 वर्ष का खाना खिलाने का अनुभव होना चाहिए, यह शर्त पूरी नहीं की जा रही है। जिले में व्यावसायिक कार्यालय होना चाहिए जिसका रिकॉर्ड जीएसटी ऑफिस में दर्ज होना चाहिए, इस शर्त का भी पालन नही किया जा रहा है। इसके अलावा भी कुछ विसंगतियां हैं, जिन्हे एक सिरे से खारिज कर टेण्डर दे दिया गया है।

### इतना इंतजाम कैसे होगा?

एक जानकारी के अनुसार निविदा दर डेढ़ सौ रुपए रखी गई थी, लेकिन निविदाकार ने 100 रुपए की दर से टेण्डर दिया है। 100 रुपए में किसी मरीज को रोजाना दोनो समय का भोजन, सुबह चाय व नाश्ते की व्यवस्था कैसे की जा सकती है। अस्पताल की भोजन व्यवस्था की गुणवत्ता कैसी होगी और मीनू का कितना पालन किया जाएगा, इस पर संदेह जताया जा रहा है। ज्ञातव्य है कि जिला अस्पताल में मीनू का पालन वैसे भी कड़ाई से नहीं कराया जाता था, लेकिन भोजन व्यवस्था फिर भी ठीक चलती रही। लेकिन अब शायद इस पर भी पलीता लग जाएगा।

### मॉनीटरिंग नहीं होती

अस्पताल की भोजन व्यवस्था की अस्पताल प्रशासन कभी मॉनीटरिंग नहीं करता है। रोगियों को कब क्या और किस स्तर का परोसा जाता है यह सिविल सर्जन कभी नहीं देखते। ठेकादार संस्था द्वारा जो भोजन परोसा जाता है वही रोगियो को मिल पाता है। भोजन में मीनू का पालन नहीं किया जाता है। रोजाना मरीजों को केवल चावल दाल सब्जी और रोटी से ही संतुष्ट रहना पड़ता है। दाल और सब्जी में पानी की भरमार रहती है। हालांकि कई बार इसकी शिकायत भी की गई, लेकिन इसके बाद भी कार्रवाई नहीं हुई।

# चोरी एवं मारपीट के प्रकरणों में न्यायालय ने सुनाई सजा

**शहडोल। माननीय न्यायालय श्रीमती प्रीति साल्वे, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी ने दो अलग- अलग प्रकरणों में निर्णय पारित करते हुए आरोपीगणों को सजा सुनाई। उक्त दोनों प्रकरणों में शैलेन्द्र परस्ते सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी द्वारा पैरवी की गई। प्रकरण के पैरवीकर्ता अभियोजन अधिकारी शैलेन्द्र परस्ते एडीपीओ के बताए अनुसार जिला मीडिया प्रभारी राकेश कुमार पाण्डेय ने प्रकरणों के बारे में जानकारी दी गई।**

### पहला मामला

थाना कोतवाली के धारा 380, 457 भादवि में आरोपी अजय सिंह गोंड पिता गणेश सिंह गोंड उम्र 25 वर्ष निवासी औढेरा थाना पाली जिला उमरिया में निर्णय पारित करते हुए समस्त आरोपीयों को धारा 380, 457 भादवि में 03-03 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000-1000 अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। फरियादी ने थाना में मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह मकान नंबर एचआईजी 683 वार्ड 32/25 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी थाना सोहागपुर का निवासी है। 04 अप्रैल 2019 को रात करीब 03 बजे उसके कमरे के सामने से एक अज्ञात व्याक्ति मुंह में कपडा बांधकर निकला तो मैं उसका पीछा किया उसको पकडऩे की कोशिश किया तो, वह दीवार कूदकर भाग गया। घर आकर देखा तो आलमारी खुली थी और उसके अंदर रखे एक जोडी सोने के झुमके, सोने की बाली, टप्स, नाक की कील, सोने की रिंग चांदी की 12 जोडी बिछिया, 2500 नगदी , 02 मोबाईल फोन कीमत लगभग 30,000 सब चोरी कर ले गया है।

### दूसरा मामला

थाना गोहपारू के धारा 324/34 भादवि में आरोपी महेन्द्र सिंह पिता रमाशंकर सिंह उम्र 25 वर्ष, राजेन्द्र सिंह पिता रमाशंकर सिंह गोंड उम्र 26 वर्ष, मीना बाई पति रविशंकर सिंह गोंड उम्र 48 वर्ष एवं रमाशंकर सिंह गोंड पिता कूबत सिंह गोंड उम्र 54 वर्ष सभी निवासी ग्राम उचेहरा थाना गोहपारू में निर्णय पारित करते हुए समस्त आरोपियों को धारा 324/34 भादवि में 01-01 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000-1000/ अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। फरियादी राकेश सिंह बादी पिता जोगन सिंह उम्र 21 वर्ष अपने छोटे भाई पुष्पलराज सिंह के साथ आकर मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराया कराया कि 07 जुलाई 2018 को रमाशंकर सिंह के घरवाली व लडका राजेन्द्र के साथ उसकी घरवाली का विवाद हुआ था जिसकी रिपोर्ट उसने थाने में की थी। पुराने विवाद को लेकर सुबह 07 बजे महेन्द्र , राजेन्द्र, मीना बाई उसके घर के पास आकर मां बहन की बुरी-बुरी गालियां देने लगा घर से निकल आज तुम्हें जिंदा नहीं छोडेंगे, वह घर से निकला तो महेन्द्र अपने हाथ में टांगी लिया था, उसे टांगी से मारा। जो उसके बाएं हाथ में लगी। तभी राजेन्द्र, रमाशंकर और मीना बाई भी डण्डे से मारपीट करने लगे। हल्ला गोहार किया तब लोग बीच बचाव करने आए। उक्त सूचना के आधार पर थाने में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना कार्यवाही उपरांत अभियोग पत्र माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किए गए। सम्पूर्ण साक्ष्य समाप्त उपरांत अभियोजन की ओर से माननीय न्यायालय समक्ष मौखिक अंतिम तर्क प्रस्तुत किए गए। जिससे सहमत होकर माननीय न्यायालय ने आरोपीगणों को वर्धित दण्ड से दंण्डित किया।

# कमिश्नर ने विभिन्न स्कूलों का किया निरीक्षण



**शहडोल।** कमिश्नर बी.एस.जामोद ने बुढार विकासखंड के प्राथमिक शाला नवलपुर माध्यमिक शाला नवलपुर एवं प्राथमिक शाला सोनटोला का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान माध्यमिक शाला नवलपुर से अनुपस्थित शिक्षिका संयुक्ता द्विवेदी, राजकुमार सोनवानी को कारण बताओ नोटिस करने और दोनों शिक्षकों की एक दिवस का वेतन काटने के निर्देश कमिश्नर ने संयुक्त संचालक शिक्षा को दिए। कमिश्नर ने प्राथमिक शाला सोनटोला के निरीक्षण के दौरान स्कूल में काफी कम बच्चों की उपस्थिति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा स्कूलों में पदस्थ दोनों शिक्षकों को निर्देश दिए कि आगामी तीन दिवस में गांव का भ्रमण कर ग्रामीणों से मिलेंगे तथा स्कूल में प्रवेश दिलाने योग्य बच्चों का सर्वे कर उन्हें स्कूल में प्रवेश दिलाएंगे। कमिश्नर का कहना था कि दोनो शिक्षकों ने स्कूल में बच्चों को प्रवेश दिलाने के कोई प्रयास नही किये है। बच्चों को स्कूल में प्रवेश दिलाने के प्रति शिक्षकों की उदासीनता पर कमिश्नर ने शिक्षकों को चेतावनी दी कि गांव के शत-प्रतिशत स्कूल में प्रवेश योग बच्चों को स्कूल में प्रवेश दिलाए अन्यथा दोनों शिक्षकों की सेवा समाप्ति की कार्यवाही सुनिश्चित कराऊंगा।

### खुद के पैसे से लगवाया बल्ब

कमिश्नर ने यह भी निर्देश दिए कि स्कूलों में शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ खेलकूद की गतिविधियां भी छात्र-छात्राओं से कराएं। प्राथमिक शाला सोनटोला के निरीक्षण के दौरान बच्चों के अंधेरे कमरे में पढऩे पर कमिश्नर ने दोनों शिक्षकों के प्रति कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा निर्देश दिए कि बच्चों को अंधेरे कमरे में विद्युत की सुविधा होने के बावजूद आप शिक्षण का कार्य कर रहे है, यह अंत्यंत खेदजनक है। कमिश्नर ने स्वयं पैसे देकर बल्ब मांगाकर प्राथमिक शाला सोनटोला के दोनों कक्षों में लगवाएं।

### घटिया स्तर का था मध्यान्ह भोजन

इस दौरान कमिश्नर ने मध्यान्ह भोजन का भी निरीक्षण किया। मध्यान्ह भोजन अत्यंत घटिया स्तर का पाए जाने पर कमिश्नर ने निर्देश दिए कि संभाग के सभी स्कूलों में मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम की सघन मॉनिटरिंग की जाएगी और स्कूलों में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को उच्चगुणवत्ता का मध्यान्ह भोजन मुहैया कराया जाए। प्राथमिक शाला नवलपुर के निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने स्कूल परिसर में गोबर एवं गंदगी पाए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा निर्देश दिए कि सभी स्कूलों के परिसर स्वच्छ एवं सुंदर हो इसके लिए निरंतर प्रयास किये जाएं। निरीक्षण के दौरान संयुक्त संचालक शिक्षा सहदेव सिंह मरावी भी कमिश्नर के साथ रहें।

# शिक्षा के प्रति बच्चों में उत्साह देखकर कमिश्नर ने जाहिर की खुशी

## किसी छात्र ने कहा डॉक्टर बनूंगा, किसी ने कहा इंजीनियर, किसी ने कहा पुलिस अफसर बनूंगा

**शहडोल।** कमिश्नर बीएस जामोद ने शहडोल जिले के बुढार तहसील के माध्यमिक शाला नवलपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने कक्षा 8 वीं के छात्र-छात्राओं से किताबें पढ़वाई तथा कई प्रश्न छात्र-छात्राओं से पूछे। जिनका छात्र-छात्राओं ने कमिश्नर को सही एवं सटीक जवाब दिया। छात्र-छात्राओं से कमिश्नर के यह पूछे जाने की भविष्य में क्या बनना चाहतें है। जिस पर छात्र-छात्राओं ने जवाब दिए कि इंजीनियर, पुलिस आफिसर, टीचर, बनना चाहते है।

### कमिश्नर ने बच्चों से ली जानकारी

छात्र-छात्राओं से कमिश्नर ने यह भी जानकारी ली कि डॉक्टर एवं इंजीनियर बनने के लिए क्या करना होगा। जिस पर छात्र-छात्राओं ने कमिश्नर को बताया कि डॉक्टर बनाने के लिए बायोलॉजी लेना पड़ेगा एवं इंजीनियर बनने के लिए गणित विषय का चयन कर पढाई करना होगा। छात्राओं से चर्चा करते हुए कमिश्नर ने छात्र-छात्राओं को बताया कि डॉक्टर बनने के लिए छात्र-छात्राओं को कक्षा 11 वीं से बायोलॉजी की पढाई करनी होगी। वही इंजीनियर बनने के लिए गणित, भौतिक एवं रसायन विज्ञान विषयों का अध्यन करना पडेगा। कमिश्नर ने बताया कि पुलिस अफसर और डिप्टी कलेक्टर बनने के लिए छात्र-छात्राओं को किसी भी विषय में स्नातक की डिग्री हासिल करनी होगी। स्नातक की डिग्री हासिल करने के बाद छात्र-छात्राएं डिप्टी कलेक्टर पुलिस आफिसर एवं अन्य सेवाओं के लिए होने वाली प्रतियोगिताओं में शामिल होकर उच्च अधिकारी बन सकते है।



### देर से आने पर होगी कार्यवाही

कमिश्नर ने मौके पर उपस्थित शिक्षकों को निर्देश दिए कि छात्र-छात्राओं को विषयों पढाई के साथ-साथ सामान्य ज्ञान की भी जानकारी दें। छात्र-छात्राओं को बताए कि इंजीनियर, पुलिस बनने, कलेक्टर बनने, किन विषयों की पढाई करना होगा। कमिश्नर ने इस दौरान प्राथमिक शाला नवलपुर का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया तथा मौके पर उपस्थिति शिक्षिका स्कूल देर पर पहुंचने पर उससे वस्तुस्थिति की जानकारी ली तथा निर्देश दिए कि वह प्रतिदिन समय पर पहुंचे और निर्धारित समय पर बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा देना सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने कहा कि स्कूलों में देरी से पहुंचने वाले शिक्षकों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी।

### शिक्षा ग्रहण करने करें प्रेरित

कमिश्नर ने प्राथमिक शाला नवलपुर निरीक्षण के दौरान स्कूल में बच्चों की कम उपस्थिति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा निर्देश दिए कि शिक्षकों की जवाबदेही है कि स्कूलों में शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराएं, बच्चा का सतत मार्गदर्शन करते हुए उन्हें उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित एवं प्रोत्साहित करें। इस दौरान छात्र-छात्राओ ने कमिश्नर को पहाडे सुनाएं और प्रार्थना गाकर बताई। प्राथमिक शाला सोनटोला के निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने कक्षा पहली एवं दूसरी के छात्र-छात्राओं से कहानियां सुनी, बच्चों से किताब पढक़र सुनाने को कहा। जिस पर बच्चों ने कमिश्नर को कि किताब पढक़र सुनाई।

### खेलकूद का किया अभ्यास

इस दौरान कमिश्नर के समक्ष बच्चों ने खेलकूद का अभ्यास करके दिखाया। कमिश्नर के समक्ष बच्चों रस्सी कूद खेल का प्रदर्शन किया, वहीं बास्केटबाल खेल का भी प्रदर्शन किया। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने शिक्षकों को बच्चों को आनंददायक शिक्षा प्रदान करें। बच्चों को पाठयक्रम विषयों के साथ-साथ खेलकूद की गतिविधियों से भी जोड़े, उन्होंने कहा कि बच्चों की शिक्षा मनोरंजन होनी चाहिए।

# मेडिकल की आड़ में चल रहा नर्सिंग होम, विभाग मौन

**ब्योहारी।** नगरीय क्षेत्र के वार्ड क्रमांक-11 में संचालित मोती मेडिकल स्टोर द्वारा बगल के एक कमरें में तीन-चार पलंग रख वहां मरीजों को भर्ती करते हुए इंजेक्शन , बॉटल लगा चिकित्सकीय कार्य किया जा रहा है। वहीं एक तरफ मरीजों की विभिन्न जांचों के लिए पैथालॉजी भी चालू है। एक ही छत के नीचे अस्पताल, मेडिकल स्टोर और पैथालॉजी सेंटर संचालित हो रहा है। जहां गांव क्षेत्र के भोले-भाले ग्रामीणों को चिकित्सा के नाम पर लूटा जा रहा है। नगर के बीचों-बीच संचालित मोती मेडिकल स्टोर के नर्सिंग होम व पैथालॉजी सेंटर की जांच करने की मांग स्थानीय लोगों ने की है। सूत्रों की मानें तो मरीजों को लूटने के लिए खुली मोती मेडिकल स्टोर के नर्सिंग होम में मरीज को भर्ती कर मनमानी तरीके से लूटा जा रहा है। वहीं बेवजह जांच करा अमानक और नकली दवाई कर भोले-भाले लोगों को लूटने के नये-नये पैंतरे अपनाएं जा रहे हैं। लोगों को स्वस्थ करने के नाम पर यहां लुटेरे सक्रिय हैं। सिविल अस्पताल में फैली अव्यवस्था और भर्रेशाही का फायदा यहां के झोलाछाप डॉक्टर उठा रहे हैं, शहर की गली बस्ती में खुली बिना डिग्री के झोलाछाप डाक्टरों की दुकानें महज लूट का जरिया बनी हुई है। जिसके लिए केवल सरकारी स्वास्थ अमला जिम्मेदार है, जो मिलीभगत कर इन लोगों को खुली छूट दे रखी है।



### इनका कहना है...

इस संबंध में एक लिखित शिकायत आप मेरे पास कर दें। जिले से टीम गठित है। ऐसे लोगों पर कार्यवाही करने के लिए मैं उन्हें सूचित कर दूंगा।

**डॉ.अमित प्रकाश**
**बीएमओ**
**ब्योहारी**

# अज्ञात शव का किया गया अंतिम संस्कार

**शहडोल। संभाग के वरिष्ठ समाजसेवी रंजीत बसाक, शहडोल नगर परिषद के पार्षद सिल्लू रजक एवं नंदी गौ सेवा संस्थान द्वारा अज्ञात शव का अंतिम संस्कार किया गया।**

12 जुलाई शुक्रवार को रंजीत बसाक द्वारा नंदी गौ सेवा संस्थान में जानकारी दी गई की एक अज्ञात शव मेडिकल कालेज में हैं, जिसका अंतिम कफन-दफन करना है। सूचना के बाद वार्ड सिल्लू रजक, शुभम सोंधिया, विकास जोतवानी ने मेडिकल कालेज में चौकी से संपर्क कर एएसआई विजय बुंदेला ने बताया कि एक अज्ञात युवती जिसकी उम्र 24 वर्ष की है और जिसकी मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी, पुलिस ने मृतक के परिजनो ढूंढने का प्रयास किया, परिजनो की जानकारी न मिलने पर पुलिस विभाग थाना सोहागपुर द्वारा समाजसेवी रंजित बसाक को जानकारी दी। सूचना मिलने पर शव का अंतिम संस्कार की सामग्री की व्यस्था कर पाली रोड़ अकाशवाणी के सामने शमसान घाट में शव को एएसआई विजय बुंदेला की मौजूदगी में अंतिम कफन-दफन किया गया।

**नाम सुधार सूचना**

मैं दीपू पाल लालवानी उम्र 46 वर्ष पिता स्व. गेहीमल लालवानी निवासी वार्ड नं. 21/28 कृष्णा होटल के पास सिंहपुर रोड़ शहडोल तहसील सोहागपुर, थाना व जिला शहडोल म.प्र. का हूं व शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूं यह कि, मैं शपथकर्ता उपरोक्त पते का निवासी हूं, तथा मेरा आधार नं. 5418 7285 7119 है। मुझ शपथकर्ता का पुत्र नितिन लालवानी वर्ष 2023-24 में कक्षा 8वीं की परीक्षा सेन्ट आलॉयसिस सिनियर सेकेण्ड्री स्कूल शहडोल म.प्र. से नियमित छात्र के रूप में उत्तीर्ण है। उक्त परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात मुझ शपथकर्ता के पुत्र का विधिवत अंकसूची प्राप्त कर लिया गया था। स्कूल के समस्त दस्तरवेज में पुत्र के पिता का नाम DEEPAK LALWANI दर्ज है जो त्रुटिपूर्ण है। यह कि, मुझ शपथकर्ता के पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में एवं मेरे आधार कार्ड में पूरा एवं सही नाम दीपू पाल लालवानी (DEEPU PAL LALWANI) दर्ज है। जो सच व सही है। यह कि, मैं शपथकर्ता अपने पुत्र के कक्षा 8वीं की अंकसूची में दर्ज अपना त्रुटिपूर्ण नाम DEEPAK LALWANI के स्थान स्कूल के समस्त दस्तावेजों में मुझ शपथकर्ता सही नाम दीपू पाल लालवानी (DEEPU PAL LALWANI) दर्ज करने बावत शपथ पत्र प्रस्तुत है ।

दिनांक - 16/05/2024

## योजनाओं का लाभ दिलाने मांग रहे रिश्वत

# पुलिया निर्माण में धांधली की जांच पड़ताल जरूरी

उमरिया





करकेली जनपद सीईओ के निकम्मेपन के कारण इस जनपद की पंचायतों में भ्रष्टाचार की बाढ़ सी आई हुई है, लेकिन इसे नियंत्रित करने की जरूरत किसी को भी समझ में नहीं आ रही है। सरपंच व सचिव पंचायतों के सरकार बन बैठे हैं और अपना ही राज चला रहे हैं। निर्माण कार्यों में फर्जी वेण्डरों का उपयोग, घटिया निर्माण कार्य कराना, सरकारी योजनाओं में रिश्वत लेना, गरीबों को योजनाओं से वंचित रखना इनका शगल बन चुका है। यहां की गोपालपुर पंचायत एक अर्से से चर्चा का विषय बनी हुई है। सरपंच सचिव जहां शासन की राशि का दुरुपयोग कर रहे हैं वहीं योजनाओं में भी अनियमितता बरत रहे हैं।

### हितग्राहियों से रिश्वत मांग रहे

योजनाओं के क्रियान्वयन में रिश्वखोरी की जा रही है। स्थानीय आदिवासियों का कहना है कि शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में सरपंच-सचिव द्वारा पैसों की मांग की जा रही है। अगर पैसा नहीं दिए जाए तो कोई न कोई कारण बताकर योजना से वंचित कर दिया जाता है। ग्रामपंचायत क्षेत्र में देखा जाए तो दर्जनो हितग्राही योजनाओं के लिए भटक रहे हैं और उन्हे लाभ नहीं मिल पा रहा है। कारण यही कि उनके पास देने के लिए मोटी रकम नहीं है। बड़े अधिकारियों ने तो जैसे सरपंच व सचिव को लूट-खसोट करने की छूट ही दे दी है। शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं होती है।

### निर्माण में हो रही धांधली

ग्राम पंचायत के वार्ड क्रमांक 8 व 7 में 15 वें वित्त से दो छोटी पुलियों का निर्माण कराया गया है। जिसकी लागत लगभग 10 लाख रुपए है और इस पुलिया की ऊंचाई सिर्फ ढाई फुट है, मौका स्थल पर पहुंचने के बाद स्थानीय लोगों ने बताया कि इसमें छड़ नहीं लगाई गई और न ही नीव खोदी गई। उपयंत्री की मिली भगत के कारण दोनों पुलियों को भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिया गया है। एक तो पुलियों की उंचाई इतनी कम है कि उनका बनना या नहीं बनना सब एक जैसा ही है। पानी के रेले में पुलिया स्वयं ही डूब जाएंगी। लाखों रुपए ऐसे निर्माण पर भी बर्बाद कर दिए गए और अफसर सीईओ ने कोई हस्तक्षेप नहीं किया।

### धनाड्यों में शुमार हैं सचिव

सचिव मोहन तिवारी के पास इतना धन आ गया है कि वे क्षेत्र के धनाड्यों में शामिल किए जाने लगे हैं। पंचायत कौडिय़ा 63 के प्रभार के बाद गोपालपुर पंचायत का कार्य भार सम्हालने वाले श्री तिवारी सचिव संघ के जिला अध्यक्ष रहे हैं औश्र ऊपर वरिष्ठ अधिकारियों तक अपनी पकड़ बनाए हुए हैं इसी कारण इनकी शिकायतें होने के बाद भी इन पर कार्रवाई नहीं होती है और इनका हर अपराध छिपा रहता है। सरपंच और उपयंत्रियों के साथ मिलकर जमकर गोलमाल करते हैं। पंचायतों के विकास की हालत देखी जाए तो निराशाजनक तस्वीर ही दिखाई पड़ेगी।

## अंतिम छोर तक पहुंच रहा है योजनाओं का लाभः मनीषा

### पीआईबी द्वारा मीडिया कार्यशाला वार्तालाप का किया आयोजन




**शहडोल।** पीएम जनमन योजना के माध्यम से सरकार की विकास योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम छोर पर स्थित लोगों तक पहुंच रहा है। इसके माध्यम से हमारा आदिवासी समाज काफी लाभान्वित हो रहा है। यह बात जयसिंह नगर, शहडोल की विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने पीआईबी भोपाल द्वारा शहडोल में आयोजित मीडिया कार्यशाला 'वार्तालाप' को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने शहडोल में कार्यशाला 'वार्तालाप' आयोजित करने के लिए पीआईबी, भोपाल को धन्यवाद दिया। श्रीमती सिंह ने कहा कि जल जीवन मिशन से लोगों को पीने के लिए साफ पानी तो मिलता ही है, साथ ही इस मिशन के चलते दूषित पानी पीने से होने वाली बीमारियों में भी काफी कमी आई है। उन्होंने कहा कि साफ पानी पीने से हैजा और डायरिया जैसी बीमारियों को नियंत्रित करने में सफलता मिली है। उन्होंने लोगों को कोदो, कुटकी जैसे मोटे अनाज के उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी धन्यवाद दिया और कहा निश्चित तौर पर मोटे अनाज के उपयोग से हमारा स्वास्थ्य बेहतर होगा। श्रीमती सिंह ने पत्रकारों से पीएम जनमन, जल जीवन मिशन जैसी योजनाओं के अंतर्गत किए जा रहे पॉजिटिव कार्यों पर सकारात्मक रिपोर्टिंग का अनुरोध किया।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए कलेक्टर तरुण भटनागर ने कहा कि शहडोल की मीडिया का रुख हमेशा सकारात्मक ओर सार्थक रहा है। पत्रकारों के माध्यम से शासन-प्रशासन को जनता की समस्याओं एवं आकांक्षाओं को समझने में काफी सहायता मिलती है। उन्होंने कहा कि आज फेक न्यूज एक बड़ी चुनौती के रूप में सामने आई है। समाचारों की विश्वसनीयता को बनाए रखने के लिए फेक न्यूज को काउंटर करना बहुत जरूरी है। उन्होंने इसके लिए एक मजबूत तंत्र विकसित करने पर जोर दिया, ताकि फेक न्यूज को आम जन तक पहुंचने से पहले काउंटर किया जा सके। उन्होंने कहा कि भूमिगत जल को संरक्षित करने के कार्य में शहडोल मध्य प्रदेश के अग्रणी जिलों में से है। अपनी बात आगे बढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत विगत मार्च महीने तक देश में 75 प्रतिशत ग्रामीण परिवारों को नल कनेक्शन के माध्यम से साफ और सुरक्षित जल मिल रहा है।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए अरविंद शाह, प्रभारी सीईओ जिला पंचायत, ने शहडोल की मीडिया की प्रशंसा करते हुए कहा कि यहां के पत्रकारों की समझ काफी बेहतर है। उन्होंने पत्रकारों से रिपोर्ट में तथ्यों पर ज्यादा जोर देने का आग्रह किया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए पीआईबी, भोपाल के अपर महानिदेशक प्रशांत पाठराबे ने कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पीआईबी सरकार और मीडिया के बीच पुल का काम करता है। यह मीडिया के माध्यम से केंद्र सरकार की योजनाओं, पहलों और नीतियों के बारे में जानकारी आम जन तक पहुंचाता है और उसका फीडबैक भी प्राप्त करता है। उन्होंने कहा पिछले जून महीने में ही पीआईबी, भोपाल द्वारा मीडिया कार्यशाला 'वार्तालाप' का आयोजन रायसेन जिले में किया गया था।

डॉ. उषा अजय सिंह, संभागीय उपायुक्त, जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग शहडोल ने पीएम जनमन योजना पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने इस योजना के तहत शहडोल में हो रहे कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने पीएम आवास योजना, प्रधानमंत्री सडक़ योजना समेत कई योजनाओं के बारे में भी जानकारी साझा की। कार्यशाला में अजय श्रीवास्तव, सहायक अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, संभाग शहडोल ने 'जल जीवन मिशन' पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस योजना की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त 2019 को किया था। उन्होंने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम स्वच्छ जल प्रदान करना है। उन्होंने शहडोल जिले में इस मिशन के अंतर्गत हुई प्रगति का लेखाजोखा पेश किया। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने पत्रकारों के प्रश्नों के जवाब भी दिए। कार्यक्रम में पत्रकारों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में केंद्रीय संचार ब्यूरों की शहडोल इकाई द्वारा केंद्र सरकार की विकास योजनाओं पर आधारित एक प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन और आभार ज्ञापन पीआईबी, भोपाल के उप निदेशक डॉ. सत्येन्द्र शरण ने किया।



### पुलिस प्रशिक्षण शाला में रोपित किए गए पौधे

**उमरिया।** प्रदेश शासन के आव्हान पर उमरिया जिले में भी एक पेड मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण का कार्य जारी है । यह अभियान 15 जुलाई तक चलेगा। अभियान के तहत पुलिस प्रशिक्षण शाला उमरिया में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक पीटीएस प्रतिमा पटेल सहित समस्त अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा पीटीएस आवासीय कॉलोनी में फलदार /फूलदार एवं छायादार वृक्ष लगाए गए। पुलिस अधीक्षक पीटीएस ने कहा कि वृक्ष प्राणवायु प्रदान करते हैं। सभी के लिए पौधारोपण करना और उसे बचाना बेहद जरूरी है। पेड़ ही जीवन है। पेड़ पौधों के बिना जीवन की परिकल्पना भी नहीं की जा सकती है। यदि पेड़ पौधे ना हो तो हम सब सांस नहीं ले सकते हैं, इसलिए जीवन के लिए हम सब को संकल्प लेना चाहिए।

## विश्व जनसंख्या दिवस पर पाली महाविद्यालय में कार्यक्रम संपन्न



**उमरिया।** शासकीय महाविद्यालय बिरसिंहपुर पाली में विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया स कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ आरके झा द्वारा मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलन कर किया गया। छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ आरके झा ने अपने उद्बोधन में जनसंख्या वृद्धि को विपत्ति को न्योता देना बताया। उन्होंने कहा कि बढ़ती जनसंख्या का प्रभाव उपलब्ध संसाधनों एवं मनुष्य की आर्थिक, सामाजिक एवं भौगोलिक स्थिति पर भी पड़ता है। मुख्य वक्ता प्रो हरलाल अहिरवार ने लैंगिक असमानता पर चर्चा की तथा परिवार नियोजन, प्रजनन एवं स्वास्थ्य पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम में विशिष्ट वक्ता डॉ जेपीएस चौहान ने कहा कि पिछले कुछ दशकों में विश्व की जनसंख्या में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। बढ़ती हुई जनसंख्या ने हमें कई प्रकार की चुनौतियों का सामना करने पर मजबूर किया है। जिनमे संसाधनों का वितरण, बढ़ती जनसंख्या के साथ भोजन, पानी, ऊर्जा, और रहने की जगह की मांग महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ मंसूर अली ने भारत की बढ़ती हुई जनसंख्या एवं भावी चुनौतियों, खाद्य उपलब्धता, हरित क्रांति पर प्रकाश डाला। डॉ त्रिभुवन गिरी ने जनसंख्या विस्फोट के भयावह परिणाम के बारे में जानकारी दी। आभार प्रदर्शन कार्यक्रम प्रभारी डॉ मनीषा अग्रवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ शाहिद सिद्दीकी, डॉ नरेश शुक्ला, डॉ रितु सेन, डॉ अनुपमा द्विवेदी, बालेंद्र यादव एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## करंट की चपेट में आने से नाबालिग की मौत

**मानपुर।** बीती रात दमोय में बिजली के खम्बे में लगे स्टे में करंट आ जाने के कारण बली कोल के लडक़े की मौत हो गई, जिसकी उम्र लगभग 11 वर्ष बताई जा रही है। बिजली विभाग भरेवा के प्रभारी कनिष्ठ अभियन्ता विश्वनाथ तिवारी को जैसे घटना की सूचना मिली तत्काल कर्मचारियों को घटना स्थल भेज संवेदनशीलता का परिचय देते हुए स्टे में करंट के आने के कारणों का पता लगवाया जा रहा है। स्थानीय लोगों की माने तो किसानों द्वारा बोर चलने के लिए खींची गई तार से भी करेंट आ सकता है, स्टे में करंट कैसे आया, इसकी जानकारी नहीं मिल सकी है, बिजली विभाग के कर्मचारियों से बात की गई तो, उन्होंने बताया कि इंसुलेटर लगे होने कारण नीचे बिजली की आपूर्ति नहीं होती, लेकिन बिजली के करंट से घटना हुई है, कारण क्या है यह जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अमला घटना स्थल में पहुंच स्थिति को अपने नियंत्रण में लेकर मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

## एक हफ्ते से लोग कर रहे थे बारिश का इंतजार उमस भरी गर्मी से मिली राहत

# सुबह के बाद दोपहर में झमाझम बरसे बादल किसानों के चेहरे पर आई मुस्कान

कोतमा



करीब एक हफ्ते से लोग उमश भरी गर्मी से परेशान थे रोज बादल छाने और धूप निकलने का सिलसिला चलता रहता था। वही किसान भी पानी न होने के कारण खेत में अपने धान की रोपाई नहीं कर पा रहे थे। गुरुवार की सुबह उमश भरी गर्मी से शुरू हुई लेकिन दोपहर बाद काले बादल छा गए और झमाझम घंटो तक बरसते रहे। जिससे किसानों के चेहरों पर मुस्कान लौट आई है। कोतमा व आसपास के गांवों में धान की रोपाई का कार्य पहली ही बारिश में शुरू हो गया था, लेकिन अधिकांश किसान धान की रोपाई के लिए बारिश का इंतजार कर रहे थे। गुरुवार की दोपहर से तेज बारिश शुरू हुई। रुक-रुक तेज बारिश से गांवों में किसानों ने धान की रोपाई का कार्य काफी तेजी पकड़ लिया। झमाझम बारिश देख खेतों में किसान खुशी से झूम उठे। गर्मी से जूझ रहे लोगों के लिए यह बारिश सौगात से कम नहीं रही। इसके चलते तापमान में काफी कमी आई और लोगों को गर्मी से राहत मिली। बादल छाए रहने से मौसम भी सुहाना रहा। वही तेज बारिश होने के कारण रोड पर पानी भर गया जिससे वाहन चालक पानी से ही निकलने को मजबूर रहे।

गुरुवार को दोपहर से लेकर रात तक तेज बारिश होती रही। दूसरे दिन शुक्रवार को सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे और दोपहर होते-होते आंधी तूफान एवं चमक गरज के साथ तेज बारिश का सिलसिला शुरू हो गया जो लगातार बारिश का सिलसिला चलता रहा। नाली का गंदा पानी सड़कों पर बह रहा था तेज बारिश होने के कारण नगर की सड़के जलमग्न हो गई थी वहीं बारिश के कारण नालियां भी उफान पर थी। नाली का गंदा पानी सड़कों पर बहता नजर आया, जबकि जिला कलेक्टर के द्वारा नगर पालिका अधिकारियों को निर्देश दिए गए थे की बारिश के पूर्व नालियों की साफ सफाई दुरुस्त करवायी जाये लेकिन कोतमा नगर पालिका में कलेक्टर का आदेश लागू नहीं होता है। कर्मचारी अपनी मनमर्जी से कार्य करते हैं नगर की नालियां कुछ खुली है और कुछ ढकी हुई है और नगर पालिका के द्वारा नालियों की साफ सफाई नहीं करवाई गई जिसके कारण नालियां गंदगी से पटी हुई है। जिसके कारण तेज बारिश होते ही नाली का गंदा पानी सड़कों पर बहने लगता है। दो दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण नदी नाले तूफान पर है। वहीं लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली।

### विद्युत व्यवस्था हुई बाधित

आंधी तूफान एवं गरज-चमक व आकाशीय बिजली के कारण नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था लगभग 2 घंटे तक बाधित रही। विद्युत विभाग के सहायक अभियंता राहुल कुमार श्रीवास्तव कनिष्ठ अभियंता के एस पटेल ने बताया कि कोतमा में 33 केवी लाइन में लाइटनिंग होने के कारण इंसुलेटर पंचर हो गया। पैरीचुआ गोहंडरा 11 हजार के वी लाइन के तार टूट गया। कदमटोला जाने वाली लाइन का इंसुलेटर पंचर हो गया। बिजुरी नगर में आंधी तूफान चलने के कारण बिजली का पोल टूट गया। बिजुरी कालरी फीडर, मेंनटोला, डोगरियाकला में इंसुलेटर पंचर हो गया जिसके कारण ग्रामीण क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था बाधित हो गई बारिश रुकते ही विद्युत विभाग के कर्मचारियों के द्वारा मेंटेनेंस का कार्य शुरू कर दिया गया है ग्रामीण क्षेत्रों में तीन से चार घंटे विद्युत सप्लाई बाधित रही कुछ गांव की विद्युत सप्लाई शुरू कर दी गई है वहीं मेंटेनेंस का कार्य देर शाम तक विद्युत विभाग के द्वारा करवाया जा रहा था।

## गोड़ारू के दुलहिन बांध में भ्रष्टाचार, नल जल पाइप लाइन के ऊपर नाली निर्माण



### मंत्री के निर्देश भी ग्रामीण क्षेत्रों में बेसर

**कोतमा।** कोतमा विधायक तथा कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल के द्वारा 2 दिन पूर्व ही जनपद सभागार कोतमा में समीक्षा बैठक लेते हुए सभी विभागों के अधिकारियों को यह सख्त चेतावनी दी गई थी कि निर्माण कार्यों में किसी भी तरह की लापरवाही तथा गुणवत्ता विहीन कार्य बर्दाश्त नहीं किया जाएगा इसके बावजूद मंत्री के निर्देश का कितना असर विभागीय अधिकारियों तथा उनके अंतर्गत कार्यरत कर्मचारियों में है इसका नजारा कोतमा जनपद के ग्राम पंचायत गोडारू मजरा टोला दुलहिन बांध में नाली निर्माण के कार्य में देखने को मिला जहाँ में पंचायत के द्वारा नाली निर्माण किया जा रहा है जहां नल जल के पाइपलाइन के ऊपर नाली का निर्माण करवा दिया गया। नाली निर्माण भी ऐसा किया गया है की गुणवत्ता के किसी भी मापदंड पर यह खरा दिखाई नहीं पड़ रहा है। मंत्री के निर्देश के बावजूद ग्राम पंचायत में मनमानी की जा रही है जहां शासकीय निर्माण में गुणवत्ता की अनदेखी करते हुए भ्रष्टाचार किया गया। शिकायत होने पर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के द्वारा जांच के लिए मौके पर उपयंत्री को भेजा गया लेकिन वह भी महज खाना पूर्ति करते हुए जांच के नाम पर लीपापोती कर गए। यही नहीं जनपद पंचायत कोतमा अंतर्गत ग्राम पंचायत में खुलेआम भ्रष्टाचार करते हुए निर्माण कार्य गुणवत्ता भी किया जा रहा है। यही हाल ग्राम पंचायत खमरौध का है। जहां प्राथमिक शाला आदिवासी मोहल्ला में ठेकेदार के द्वारा बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य कराया गया जिसमें न ही सूचना बोर्ड लगाया गया और बाउंड्री की लंबाई चौड़ाई भी छुपाते हुए पुराने दीवाल पर ही जोडाई का कार्य करते हुए बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य पूरा कर दिया गया और राशि भी आहरित कर ली गई। जिसकी जानकारी उपयंत्री को दी गई लेकिन उसके बावजूद भी कोई कार्यवाही उनके द्वारा नहीं की गई। ग्रामीणों ने बाउंड्री बाल निर्माण कार्य की जांच करवाने की मांग करते हुए दूध का दूध और पानी का पानी करने की मांग की है।

## कोतमा अनुभाग अंतर्गत सभी थानों में रोपे गये सैकड़ों पौधे



**कोतमा।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार गुरुवार को कोतमा अनुविभाग के सभी थानो में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधे रोप कर पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति को सजोने का संकल्प लिया गया। इस दौरान थाना परिसर कोतमा में आम, अमरूद, जामुन, शीशम, नीम, बबूल, महुआ, गुलमोहर एवं अन्य प्रकार के लगभग 100 पौधे रोपण किए गए। कोतमा थाना सहित अनुविभाग के भालूमाडा, बिजुरी, रामनगर एवं फुनगा चौकी पर भी अधिक से अधिक पौधे रोपे गए। पौधारोपण कार्यक्रम में एसडीओपी वी पी सिंह, थाना प्रभारी सुंद्रेश सिंह सहित समस्त स्टाफ एवं पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे। एसडीओपी वी पी सिंह ने कहा कि हम सभी मिलकर अपनी मां के नाम एक पौधा अवश्य लगाएऔर उसका संरक्षण करें। जिस तरह से मां अपने बच्चों की परवरिश करती है इस तरह से हमारा दायित्व है कि हम मां की याद में लगाए गए पौधे के संरक्षण का संकल्प करें। थाना प्रभारी सुंद्रेश सिंह ने सभी से आग्रह किया पौधारोपण के साथ ही सभी को उसकी सुरक्षा देखभाल का जिम्मा भी उठाना चाहिए। पेड़ पृथ्वी पर जीवन को कायम रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं आओ मिलकर पौधे लगाए इस धरती को हरा भरा बनाएं का नारा भी दिया। पौधारोपण के दौरान थाना परिसर में पुलिस अधिकारी कर्मचारी और समाजसेवी उपस्थित रहे। फुगना चौकी प्रभारी सुमित कौशिक के द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत चौकी परिसर में लगभग 50 पौधों का रोपण किया।

## कोतमा के दो बच्चों ने सीए की परीक्षा पास कर बढ़ाया परिवार का मान



**कोतमा।** भारत में सीए की परीक्षा एक पेशेवर लेखा परीक्षा है जो कई अधिकार क्षेत्रों में प्रमाणन के लिए आवश्यक है। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया इस परीक्षा का संचालन करता है। सीए परीक्षा दो भागों में विभाजित किया जाता है। लिखित और व्यावहारिक परीक्षा। 11 जुलाई को सी ए की परीक्षा का परिणाम घोषित हुआ। जिसमें कोतमा नगर के दो बच्चे ने सी ए की परीक्षा पास कर अपने परिवार एवं नगर का मान बढ़ाया है। ट्रांसपोर्टर व्यापारी कमलेश मिश्रा के सुपुत्र हर्ष मिश्रा वहीं शहर के प्रसिद्ध किराना व्यवसायी भीमसेन गुप्ता के सुपुत्र श्रेयांश गुप्ता उ.अ. की परीक्षा में सफलता हासिल की है। हर्ष मिश्रा ने अपनी सफलता का राज जाहिर करते हुए बताया कि कठोर परिश्रम व्यक्ति की असली पूंजी होती है, जिसके माध्यम से वह मनचाही सफलता प्राप्त कर सकता है. जीवन में किसी भी चीज को पाने के लिए कठिन परिश्रम बहुत जरूरी होती है. यदि आप सही दिशा में सही तरीके से काम करते हुए कठिन मेहनत करते हैं तो आपको निश्चित रूप से सफलता मिलेगी. नीति के जानकारों का कहना है कि अपने सपनों को सींचने के लिए या फिर कहें साकार करने के लिए उसे अपने पसीने से सींचना पड़ता है. यदि आप आप ऐसा कर सकते हैं तो निश्चित तौर पर अपने जीवन में जो कुछ पाने की सोच रहे हैं, उसे पा सकते हैं, लेकिन यदि आप यदि आप किसी कार्य को आधे-अधूरे मन करते हुए मेहनत करने से बचते हैं आपसे कामयाबी काफी दूर खड़ी रहेगी।

**खबर संक्षेप**

## टेंगरहा नाले का पुल डूबा गांवों का संपर्क मुख्य मार्ग से टूटा



**ब्यौहारी।** जनपद पंचायत के अंतर्गत पसगडी चौराहे से जो रास्ता ग्राम पंचायत सरवाही एवं ग्राम पंचायत बोचरो की ओर जाता है वहां के लोगों को टेंगरहा नाले से होकर के जाना पड़ता है। हल्की सी बारिश में टेंगरहा नाले का पुल पानी में डूब गया जिससे दोपहर से ही लोग बाढ में फंसे रहे इसमें एक बारात की बस भी फंस गई जो कब तक फंसी हुई है कोई निश्चित नहीं है इसी तरह से छोटे-छोटे बच्चे पुल में बाढ़ आ जाने के कारण फंसे हुए आपको बताते चले की इस नाले की पुलिया की ऊंचाई कम होने के कारण थोड़ी सी बारिश में भी नाले में बाढ़ आ जाती है और आवा गवन बंद हो जाता ग्राम वासियों ने कलेक्टर से यहां पर बड़ी पुल बनाए जाने की मांग की जिससे बरसात में लोगों के आने जाने में परेशानी ना हो।

## चंद घंटों की बारिश ने खोल दी विकास कार्यों की पोल



**शहडोल।** जिले के ब्यौहारी एवं बुढ़ार नगर परिषद में वर्षो से हुए विकास कार्यों की पोल कुछ घंटे हुई बारिश में ही खुल गई। ब्यौहारी जनपद परिसर एवं में भरा पानी ने पूरे दावों की पोल खोलकर रख दी। मानसून ने बस शुरुवात की बारिश क्या की इतने वर्षो से नगर परिषद में हुए विकास कार्यों की पोल खुल गई। यह स्पष्ट हो गया की सबसे मूल समस्या जिसे वर्षा ऋतु जल निकासी और नाला, नालियों के इन्फ्रास्ट्रक्चर पर कोई भी कार्य जनपद कार्यालय के पास सुचारू या उचित प्रकार से नही किया गया है। हालाकि यह केवल जनपद ही नही संभागीय मुख्यालय के भी हाल हैं, बारिश होते ही जल भराव दर्शाता है की मॉडर्न और विकसित होने के नाम पर क्या काम किया गया है। लगातार नदियों सिकुडन्ना और तालाबों का पाटे जाना साथ ही सडक़ निर्माण में डामर पर डामर की परत चढ़ाते जाना, यह सब बहुत बड़े जल भराव के साथ-साथ रेन वाटर हार्वेस्टिंग के कोई भी उपाय जनपदों में न होना भी विशेष कारण है। बुढार ब्लाक में स्थित के सीएम राइज स्कूल के हालत बद से बत्तर है, 1 घंटे की हुई बारिश के चलते स्कूल तालाब में तब्दील हो गया है, बारिश के चलते क्लास में पानी भर गया है, छात्र-छात्राओं को तलबनुमा पानी के बीच होकर क्लास में जाना पड़ रहा है, जिससे छात्रों के यूनिफार्म, जूते भीग गए, घुटनों-घुटनों तक भरे पानी को पार कर क्लास में पहुंच रहे, बच्चों को क्लास में भी भरे पानी के चलते अव्यवस्था का समाना करना पड़ रहा, स्कूल में भरे लबालब पानी के चलते न केवल छात्रों को परेशानी हो रही बल्कि शिक्षकों भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल स्कूल से लगी नालियों में मलबा भरा हुआ है, जिसके चलते नगर का पूरा पानी और नाली का पानी व बारिश का पानी स्कूल परिषद में भर गया है, जिससे स्कूल में हालात तलाब में भरे पानी जैसा निर्मित हो गया है।

# घर में दिनदहाड़े चोरी करने की फिराक में थे चोर

# अमरपुर पुलिस ने तीन चोरों को पकड़कर भेजा जेल

मानपुर

इंदवार थाना अमरपुर चौकी अंतर्गत ग्राम बेल्दी में दिनदहाड़े दोपहर सुक्खा कोल के घर में ताला तोडक़र चोरी करने घर के अंदर घुस गए। आशा बाई कोल अपने घर के ही पास बोर से पानी लेने गई थी, तभी शोर गुल की आवाज आने पर आकर देखी तो चोर देखकर लाल रंग की गाड़ी में सवार होकर भागने लगे, जिसकी सूचना आशा बाई अपने पति सुख्खा कोल को फोन से दी। सुख्खा पलझा सोसायटी में गल्ला बांटने का काम करता है। जानकारी लगते ही सुख्खा कोल अपने घर आ रहा था, तभी रास्ते में बरदौहा पुलिया के पास लाल रंग की गाड़ी जिसमें तीन लोग सवार थे, उन्हें रोका तो देखकर भागने लगे, तभी वहां पर ग्रामीणो की सहायता से चोरों को पकडक़र तत्काल अमरपुर पुलिस को सूचना दी गई , जिसमें तत्काल अमरपुर चौकी प्रभारी विजय सेन मौके पर पहुंचकर चोरों को पकडक़र चौकी लाए और पूछताछ करने पर गुनाह कबूल किया, वहीं अमरपुर चौकी प्रभारी विजय सेन द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि जय उर्फ देवेंद्र पिता बालचंद सिंह गोड उम्र 24 वर्ष ग्राम रौड जिला दमोह , रामचंद्र सिंह उर्फ रामाचंद्र पिता सरदार सिंह निवासी ग्राम बांधा रथेली थाना कोतवाली, अरुण सिंह पिता नीरज सिंह बादी ग्राम बाधा रथेली थाना कोतवाली जिला उमरिया उम्र 23 वर्ष पहचान की गई है । भारतीय न्याय बीएनएस खण्ड 331(3), 3(5) धारा के



तहत कार्यवाही की गई और एक लाल रंग की मोटरसाइकिल जप्त की गई जिसमें तीनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।



## शांति समिति की बैठक संपन्न

**मानपुर।** आगामी 17 जुलाई को मोहर्रम का पर्व मनाया जाना है, इस संबंध में मानपुर थाना परिसर में थाना प्रभारी की अध्यक्षता में शान्ति समिति की बैठक सम्पन्न हुई, बैठक में मोहर्रम को शांति पूर्ण वा सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की गई है, इस अवसर पर थाना प्रभारी, जनपद सदस्य रोशनी सिंह, सुरेश सिंह (मुनना दादा), हरीश विश्वकर्मा, विजय गौतम, अंबिका पयासी, अमज़द खान, पत्रकार खालिक अंसारी, जय प्रकाश शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहें।

# भाजपा जिला कार्य समिति बैठक में तय होगी आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखाः पांडे



**मानपुर।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर 13 जुलाई को भाजपा जिला कार्यसमीति की बैठक जिला भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे सदन उमरिया में आहूत की गई है। भाजपा जिला अध्यक्ष दिलीप पांडे ने बताया कि जिला बैठक में संभागीय संगठन प्रभारी प्रदेश महामंत्री शारतेंदु तिवारी, जिला प्रभारी विनोद यादव, सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह, विधायक सुश्री मीना सिंह, शिवनारायण सिंह के अतिथत्य में आयोजित होगी। बैठक में जिले में निवासरत जिले के सभी नगरीय एवं ग्रामीण निकाय के जनप्रतिनिधि, जिला पदाधिकारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, मोर्चा के जिला अध्यक्ष, महामंत्री एवं जिले के जेष्ट, श्रेष्ठ, कार्यकर्ता बंधु अपेक्षित है। बैठक में संगठनात्मक आगामी कार्यक्रम की कार्य योजना तय की जाएगी। बैठक में सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह एवं प्रभारी गण, पत्रकार वार्ता में पत्रकार बंधुओ से चर्चा करेंगे। पत्रकार वार्ता के पश्चात अपराह्न 1 बजे जिला बैठक की जाएगी। दोपहर 2 बजे से एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत कार्यालय परिसर में पौधारोपण किया जाएगा। भाजपा जिलाध्यक्ष दिलीप पांडे ने समस्त जिले के पदाधिकारियो से बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

# युवाओं ने किया औषधि पौधों का पौधरोपण, रोपित किए 1250 पौधे

**उमरिया।** पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन के निर्देशन में मार्गदर्शन पर जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया के द्वारा विकासखंड करकेली ग्राम पंचायत पटपरा के आंगनबाड़ी केंद्र व शासकीय माध्यमिक विद्यालय पटपरा परिसर में पाँच औषधि पौधे लगाकर पधारोपण किया व वायुदूत ऐप पर अपलोड किया गया। युवाओं ने अब तक 1250 पौधे सुरक्षित स्थानों पर रोपण किए।पर्यावरण मित्र हिमांशु तिवारी ने स्कूली बच्चों को पर्यावरण संरक्षण से जुडऩे के लिए



एक पेड़ अपनी मां के नाम लगाने की अपील भी की। पौधारोपण को आज लोगों ने पर्यावरण के साथ-साथ अपने भविष्य व अगली पीढ़ी की समृद्धि से भी जोड़ दिया है। यही कारण है कि बीते एक दशक में यह एक अभियान का रूप लिया है। भले ही पर्यावरण संरक्षण के नाम पर लोग पौधारोपण करते हैं, लेकिन उनके अंदर उस वृक्ष के सहारे भविष्य को सहेजने की कामना अवश्य रहती है। पौधारोपण के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता राधा बर्मन, पर्यावरण मित्र हिमांशु तिवारी, पर्यावरण मित्र खुशी सेन, कविता बर्मन,विद्यालय छात्र अनुराग सिंह,ज्योति कोल,सोमवती बैगा,कोमल बैगा,सीता सिंह, राज कोल व सभी उपस्थित रहे।

# विद्युत विभाग मुंह देखकर उपभोक्ताओं को बना रहा स्मार्ट

**चचाई।** अमरकंटक थर्मल पॉवर केन्द्र की कालोनी में मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी के आवासों में लगे विद्युत के कनेक्शनधारियों के यहां मुंह देखकर स्मार्ट मीटर लगाये जा रहे हैं। विभाग द्वारा भले ही पुराने सभी मीटरों को हटाकर एक सिरे से सभी उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर लगाने के निर्देश दिये गये हैं, लेकिन कालोनी के जिन आवासों में विभाग के कर्मचारी और रसूखदार लोग निवासरत हैं, उन्हें अभी इस सूची से बाहर रखा गया है, बीते मई माह से ही विभाग द्वारा पॉवर प्लांट की इस कालोनी में पुराने मीटरों को बदलने का सिलसिला शुरू हुआ था, जो अभी तक शत प्रतिशत नहीं हो पाया है। विभाग से जुड़े सूत्र बताते हैं कि शत प्रतिशत स्मार्ट मीटर लगने और ऑन लाईन भुगतान तथा ऑन लाईन बिजली कटऑफ के लिए विभाग को अपडेट कर दिया गया है, लेकिन कर्मचारियों और उनके रसूखदारों ने अभी तक अपने को इस अपडेट वर्जन से बाहर रखा है, यह अपने आप में जांच का विषय है।



### 500 रूपये में एसी की भरमार

विद्युत विभाग के कर्मचारियों और कुछ अन्य ने अपने यहां एक या दो नहीं बल्कि तीन से चार-चार एसी लगा रखे हैं, वहीं वॉटर गीजर से लेकर हीटर और अन्य विद्युत के उपकरण भी खुलकर उपयोग किये जा रहे हैं। ऐसी स्थिति में उनका बिजली का बिल 500 रूपये के इर्द-गिर्द ही जाकर सिमट जाता है। दूसरी तरफ दो ट्यूबलाईट और पंखे व एक टीवी में जीवनयापन करने वाले आम आदमी को हजारों रूपये बिल का भुगतान करना मजबूरी हो गई है, स्मार्ट मीटर होने के कारण अब विभाग के कर्मचारी भी इतने स्मार्ट हो गये हैं कि उन्होंने शिकायतें सुनना और उनका निराकरण करना, सभी को ऑन लाईन व्यवस्था से जुड़ जाने की सलाह देकर किनारा कर ले रहे हैं।

### अंधा बांटे रेवड़ी...

स्मार्ट मीटर की नई व्यवस्था ने उपभोक्ताओं को भले ही स्मार्ट न किया हो, लेकिन विभाग के कर्मचारी पूरी तरह से स्मार्ट हो गये हैं, चूंकि शत प्रतिशत स्मार्ट मीटर व्यवस्था में उनके परिवार भी शामिल हो जाते हैं, इस वजह से शत मीटर लगने की व्यवस्था 95 से 97 प्रतिशत पहुंचकर रोक दी गई है। ''अंधा बांटे रेवड़ी...फिर-फिर अपने को देय'' का मुहावरा विद्युत विभाग और विद्युत कालोनी में चरितार्थ होता नजर आता है। इस पूरे मामले में चचाई ही नहीं बल्कि लगभग कस्बों और शहरों का यही हाल है, जहां विभाग के कर्मचारियों ने शत प्रतिशत स्मार्ट मीटर व्यवस्था के दायरे से खुद के घरों को अभी अलग रखा है।

# मुख्यमंत्री एवं महिला बाल विकास मंत्री के नाम का तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

### श्रम संहिताओं को वापस लेने की मांग

**बदरा/जमुना।** सीटू के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर आंगनबाड़ी जिला समिति अनूपपुर के द्वारा मुख्यमंत्री एवं महिला बाल विकास मंत्री के नाम का ज्ञापन सौंपा गया तहसीलदार के माध्यम से कामरेड अफसाना बेगम ने बताया कि उमा सोनी को 6 माह से पेमेंट नही मिला वहीं बेला बाई एक वर्ष से पेमेंट नहीं मिला है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका से काम तो सरकार के द्वारा लिया जाता लेकिन देने के नाम से सरकार के पास कोई योजना नहीं होती है। कामरेड संध्या शुक्ला ने बताया कि सरकार हम महिलाओं का शोषण कर रहीं हैं कामरेड दलवीर ने कहा कि केंद्र व राज्य में बैठी सरकार मजदूर विरोधी किसान विरोधी नौजवान छात्र महिला विरोधी है। जिले मे हाथियों के द्वारा गांव में घर का क्षति हुई है उसका मुआवजा दिया जाये कामरेड दिलीप चौधरी ने बताया कि सरकार महिलाओं के साथ अत्याचार कर रही है वही मजदूरों को गुलाम बनाने वाली नितियो को लागू करने के लिए प्रयासरत हैं। इंद्रपती सिंह जिला महासचिव ने बताया कि हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनावों के बाद एनडीए के रूप में गठित केंद्र सरकार ने अपने गठन के साथ 100 दिन की जो कार्य योजना बनाई है उसमें देश के मजदूरों को गुलाम बनाने वाली श्रम संहिताओं को लागू करने की है। गत 20 जून 2024 को केंद्र सरकार के श्रम मंत्रालय ने सभी प्रदेशों के श्रम सचिवों तथा श्रम आयुक्तों की बैठक कर चार श्रम संहिताओं को लागू करने की तैयारी शुरू कर दी है। आजादी के पहले और बाद में मजदूरों के संघर्षों और कुर्बानियों से बने 44 श्रम कानूनों में से 29 श्रम कानूनों को चार मजदूर विरोधी श्रम संहिताओं (लेबर कोड) में बदल दिया गया है। इससे 74% मजदूर सामाजिक सुरक्षा व 70% उद्योग श्रम कानूनों के दायरे से बाहर हो जाएंगे । इन चार लेबर कोड्स में हड़ताल करने पर मजदूरों हेतु सख्त सजाओं का प्रावधान किया गया हैकेंद्र सरकार ने फिक्स्ड टर्म रोजगार की अधिसूचना पहले ही जारी कर दी है, जिससे मजदूर नियमित रोजगार से वंचित हो जाएंगे । मजदूरों के काम के घंटे को 8 से



बढ़ाकर 12 घंटे करने की अधिसूचना भी जारी हो चुकी है। यह सरकार नेशनल मोनेटाइजेशन पाइपलाइन, कोयला में एमडीओ रिवेन्यू शेयरिंग मॉडल तथा अन्य तरीकों से सार्वजनिक क्षेत्र के निजीकरण के लिए तेजी से कदम बढ़ा रही है। देश में संभवत पहला मामला है जहां मध्य प्रदेश के अंदर कानूनी रूप से न्यूनतम वेतन पुनरीक्षण के लिए निर्धारित 5 वर्ष के अंतराल के बाद होने वाले पुनरीक्षण को 9 वर्ष के बाद तमाम काट छांट करने के बाद लागू किया गया। केवल एक महीने मई 2024 के वेतन में यह मिला था तथा उसके बाद उच्च न्यायालय इंदौर खंडपीठ द्वारा जारी स्थगन आदेश के बहाने 24 मई को श्रम आयुक्त मध्यप्रदेश शासन द्वारा जारी किए गए इस आदेश से बढ़े हुए वेतन को भी वापस ले लिया गया। इससे न सिर्फ यह वेतन वृद्धि छीन गई बल्कि मई 2024 में बढ़ी हुई राशि को भी वापस जबरन वसूली करने का अधिकार तमाम कारखाना मालिकों को मिल गया। श्री सिंह ने बताया कि इन कारगुजारीयो के चलते न्यूनतम वेतन कानून के दायरे में आने वाले मध्य प्रदेश के 25 लाख से ज्यादा श्रमिक कर्मचारियों में कुशल को 1625 रुपए, अर्ध कुशल को 1764 रुपए, कुशल को 2109 रुपए तथा अति कुशल को 2434 रुपए मासिक कटौती झेलनी पड़ रही है।

# एक पेड़ मां के नामः न्यायाधीशों ने किया पौधरोपण






### बुढ़ार कोर्ट, धनपुरी इंडोर स्टेडियम व स्कूलों में रोपे पौधे

**धनपुरी।** पर्यावरण, वानिकी, भूमि सुधार, भू-निर्माण एवं हवा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत बुढार कोर्ट के श्रीमती सुमन उईके जिला न्यायाधीश अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति बुढार उक्त कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारी विजेंद्र सिंह रावत श्रीमती आकांक्षा, ऋषभ दीक्षित दिव्यांश कोवंशी उक्त कार्यक्रम में सम्मिलित हुए सभी लोगों ने वृक्षारोपण किया वही बुढार कोर्ट एडवोकेट व स्कूली बच्चे टीचर ने धनपुरी इंडोर स्टेडियम, प्राइमरी स्कूल मे दर्जनों की संख्या में पौधा रोपण किया। उपस्थित जनों ने कहा कि 'पौधारोपण' बहुत आवश्यक है, क्योंकि पेड़ पर्यावरण को ऑक्सीजन प्रदान करते हैं और निः शुल्क हवा की गुणवत्ता को बेहतर बनाते हैं। हम सभी मिलकर अधिक से अधिक पेड़ लगाएं, जिससे आने वाली पीढ़ियों का जीवन सुरिक्षत रह सके। रावेंद्र तिवारी सुजीत जैन आलोक राय (एडवोकेट) ने कहा कि, पेड़-पौधे अनेक जंगली जीवों का घर होते हैं। बहुत सारे पक्षी पेड़ों पर अपना घोंसला बनाते हैं। पौधे मनुष्य के साथ वन्यजीवों का समर्थन करते हैं। अधिक से अधिक पेड़ लगाने से पूरी जैव विविधता का समर्थन मिलता है। पौधे रोपने के बाद उनका सतत और संपूर्ण संरक्षण करने की जिम्मेदारी का भाव भी सभी में होना चाहिए।सामूहिक संकल्प के साथ उपस्थित जनों ने पौधारोपण पर जोर देते हुए कहा कि, वृक्ष हैं तो जल है, जल है तो जीवन है। यदि हम आज अधिक वृक्ष लगाएंगे, तो आने वाली पीढ़ी के लिए स्वच्छ जल और स्वस्थ पर्यावरण सुनिश्चित कर सकेंगे। 'एकपेड़ मां के नाम' अभियान के तहत लगाए गए पौधे आने वाले समय में हरित संस्कारधानी की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा।

# समाज को बेहतर बनाने में जन अभियान परिषद की अहम भूमिकाः प्राचार्य झा

### एक पेड़ माँ नाम लगाकर उमरिया जिले को करेंगे हरा भरा: जिला समन्वयक रवींद्र शुक्ला



**एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पाली महाविद्यालय जन अभियान परिषद प्रस्फुटन समिति ने किया पौधरोपण**

**उमरिया।** शहर की महत्वपूर्ण योजना एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत शहरी ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह पौधारोपण करने का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला समन्वयक रवींद्र शुक्ला के मार्गदर्शन में व महाविद्यालय के प्राचार्य रामकृष्ण झा की उपस्थिति में पाली महाविद्यालय में 50 फलदार पौधा पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत आज बिरसिंहपुर पाली के शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ० रामकृष्ण झा जन अभियान परिषद की ब्लॉक समन्वयक पुष्पा मरावी परामर्शदाता संजय साहू अर्चना मिश्रा प्राध्यापक त्रिभुवन गिरी जैकी सक्सेना अनुभव श्रीवास्तव प्रहलाद सिंह गुलाब सिंह मुन्ना सिंह राठौर भूपेंद्र सिंह रावत नवांकुर समिति के अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह। बताया कि पेड़ लगाओ व मौसम को बनाओ अपने अनुकूल, तभी मिलेगी ऑक्सीजन और खाने को फल-फूल पेड़ लगाकर हमें पर्यावरण को सुरक्षित एवं संरक्षित करना है जिससे हमारा जीवन प्राकृतिक वातावरण से भरपूर हो इसलिए एक पेड़ मां के नाम सभी को लगाकर उसकी सेवा करनी चाहिए। जबकि ब्लॉक समन्वयक उसको मरावी ने कहा एक पेड़ मां के नाम अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि उमरिया जिले के प्रत्येक ग्राम,नगर में इस अभियान को चलाया जा रहा है। हम सभी को अपनी मां की याद में पौधारोपण करना चाहिये। इस अवसर पर मुख्य रूप से जन अभियान परिषद की छात्र प्रवीण तिवारी सुशील द्विवेदी मेनका द्विवेदी वर्षा त्रिपाठी पवन सिंह सहित समस्त छात्र/छात्राएं मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### जमीन में सो रही महिला की सांप के काटने से मौत



**अनूपपुर।** गुरुवार एवं शुक्रवार की दरम्यानी रात कोतवाली थाना अनूपपुर अंतर्गत निदावन गांव में परिजनों के साथ जमीन में सो रही 46 वर्षीय महिला की जहरीला सांप काटने से उपचार दौरान जिला चिकित्सालय अनूपपुर में मौत हो गई। ड्यूटी डॉक्टर की सूचना पर अस्पताल पुलिस द्वारा जांच की जा रही है। इस संबंध में परिजनों ने बताया कि कोतवाली थाना अनूपपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत सकरा के निदावन गांव अंतर्गत गोलद्दाटोला निवासी चैना बंजारा की 46 वर्षीय पत्नी अनारकली परिजनों के साथ रात में घर में जमीन पर सो रही थी तभी गुरुवार एवं शुक्रवार की मध्य रात्रि जहरीले सर्प ने पीठ मे काट लिया जिसे परिजनों द्वारा मोटरसाइकिल से ही जिला चिकित्सालय अनूपपुर लाया गया जहां उपचार दौरान शुक्रवार की सुबह महिला की मौत हो गई।

### अवैध उत्खनन करने वाले ट्रैक्टर ट्राली को कलेक्टर ने किया राजसात

**अनूपपुर।** कलेक्टर आशीष वशिष्ठ द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन में निरंतर संलिप्तता पाए जाने पर ट्रैक्टर मय ट्राली क्रमांक एमपी 65 एए 4771 चेचिस क्रमांक एमबीएनएके 49 एचएमटीएन 55854 वाहन स्वामी भुवनेश्वर शुक्ला निवासी देवगवां तहसील कोतमा एवं ट्रैक्टर मय ट्राली क्रमांक एमपी 65 एए 1917 चेचिस क्रमांक डब्ल्यूएसटीए 24418147623 वाहन स्वामी शुभम शुक्ला निवासी देवगवां तहसील कोतमा के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए उक्त वाहनों को शासन के पक्ष में अभिहरण (राजसात) किया गया। इसी प्रकार पूर्व में भी खनिजों के अवैध उत्खनन तथा परिवहन में जब्त 2 ट्रालियों को शासन के पक्ष में अभिहरण (राजसात) किया गया है। इस प्रकार जिला अनूपपुर अंतर्गत खनिजों के अवैध उत्खनन तथा परिवहन में निरन्तर सम्मिलित रहने वाले कुल 4 वाहनों को कलेक्टर द्वारा अभिहरण (राजसात) किया गया है।

### कोतमा मे डायवर्सन बकायादार से 25 हजार 8 सौ की वसूली

**अनूपपुर।** जिले के राजस्व बकायेदारों से वसूली के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत शुभ मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड के स्पर्श केमतानी पिता महेश केमतानी के ग्राम कोतमा की भूमि खाता क्रमांक 3714, 3715 की डायवर्सन की बकाया राशि कुल 25 हजार 8 सौ रुपए का डिमांड नोटिस 9 जून को दी गई थी। नोटिस देने के बावजूद राशि जमा नहीं किए जाने पर हल्का पटवारी सहित मौके पर कुर्की की अग्रिम कार्यवाही के पूर्व संचालित शोरूम में चल संपत्ति की जानकारी प्राप्त करने हेतु उपस्थित हुए। मौके पर दिनांक 12 जून को कुर्की करने संबंधी जानकारी प्रदाय की गई। जिस पर कोतमा स्थित शुभ मोटर्स शोरूम द्वारा बकाया राशि 25 हजार 800 रुपए जमा किया गया है।

### प्रकृति और माँ का करें सम्मान, आओ लगायें एक पेड़ माँ के नाम शंकर मंदिर राजनगर परिसर में महिलाओं ने किया पौधारोपण

**राजनगर।** जिले के नगर परिषद राजनगर क्षेत्र के अंतर्गत "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत धरती मां को हरा भरा, स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने एवं पर्यावरण का संरक्षण करने हेतु राज्य शासन के आव्हान पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान चलाकर सार्थक पहल की शुरूआत की है। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत प्रदेश भर में पौधारोपण का कार्य किया जा रहा है। प्रदेशभर में वृक्षारोपण का कार्यक्रम चल रहा है। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत राजनगर गेस्ट हाउस के सामने शिव मंदिर में महिलाओं द्वारा फलदार एवं छायादार आम आंवला, अमरूद, शमी, नीम, बरगद के पौध अपनी मां के नाम पर रोपण किया।

## हत्या या आत्महत्या पुलिस जुटी जांच में संदेहियो को पकडकर पुलिस कर रही पूछताछ

# संदिग्ध परिस्थितियो में 26 वर्षीय महिला की किराये के मकान में मिली लाश

अनूपपुर

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 13 में किराए के मकान में निवास करने वाली 28 वर्षीय महिला की संदिग्ध मौत एवं परिजनों द्वारा हत्या की आशंका पर पुलिस ने मामले की जांच प्रारंभ करते हुए शव को पीएम हेतु भेजा गया, जहां पीएम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पूरे मामले में पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह पवॉर सहित अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मन्सूरी ने घटना स्थल वा शव का निरीक्षण करते हुए कोतवाली निरीक्षक अरविंद जैन को मामले की जांच के निर्देश दिए गए है। वहीं पुलिस ने मृतिका के परिजनों के आरोप पर दो संदेहियों को पकड़कर पूछताछ की जा रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 12 जुलाई की सुबह 3 बजे मृतिका विंदेश्वरी उर्फ नेहा राठौर पति सौरभ शिवहरे उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम कोलमी जो कि खम्परिया तालाब के पास वार्ड क्रमांक 13 अनूपपुर स्थित रमाकांत पांडेय के मकान में किराये के मकान में रहती थी। जिसने सुबह लगभग 4 बजे सतन प्रजापति एवं संकल्प सिंह को फोन कर फांसी लगाकर आत्महत्या करने की बात कही गई। महिला के आत्महत्या करने की बात सुन सतन प्रजापति उसके कमरे में पहुंचा, जहां महिला पंखे में चुनरी का फंदा लगाकर फांसी पर झुल रही थी। जिस पर उसने चाकू लेकर चुनरी को काट कर महिला के शव को जमीन में लेटा कर सूचना 108 एम्बुलेंस वाहन एवं 100 डॉयल को देते हुए मौके भाग निकला। जहां 100 डॉयल वाहन मौके पर नही होने पर सूचना गश्त कर रही पुलिस को दी गई।





### संदिग्ध हालत में मिला था शव

सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस महिला के घर में पहुंची, जहां एक कमरे में महिला विंदेश्वरी राठौर का शव जमीन पर मिला, वहीं दूसरे कमरे में पंखे में फंदा लगा चुनरी का कटा हिस्सा लटकते हुए देखा गया। जिसके बाद पुलिस ने घटना स्थल सहित शव का निरीक्षण करते हुए मृतिका के दो मोबाइल फोन जब्त करते हुए महिला के परिजनों को सूचना दी गई। जहां मृतिका के परिजनों के पहुंचते ही उन्होने हत्या किए जाने की आशंका जाहिर की गई।

### एसपी ने किया निरीक्षण

पूरे मामले की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह पवॉर ने मौके पर पहुंचते ही घटना का निरीक्षण करते हुए एसडीओपी सुमित केरकेट्टा, डॉग स्कॉट, फिंगर प्रिंट विशेषज्ञ, कोतवाली निरीक्षक अरिवंद जैन, उपनिरीक्षक संजय खल्को को छोटी सी छोटी कड़ी ढुढनें के निर्देश दिए गये साथ ही मृतिका के परिजनों को निष्पक्ष जांच किए जाने का आश्वासन दिया गया।

### दो संदिग्धों से की जा रही पूछताछ

पूरे मामले में पुलिस ने परिजनों के हत्या की आशंका एवं दो संदिग्धों जिनमें सतन प्रजापति निवासी जिला जेल के पास एवं संकल्प सिंह परिहार निवासी ग्राम बरबसपुर से पूछताछ की जा रही है। वहीं पुलिस ने पंचनामा के बाद शव को पीएम के जिला अस्पताल भेजा गया, जहां पीएम उपरांत शव परिजनों को अंतिम संस्कार हेतु सौंप दी गई।

### इनका कहना है

पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है, कुछ लोगो के ऊपर आरोप लगे है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। वहीं पीएम रिपोर्ट आने के बाद हत्या के कारणों का पता चल सकेगा।

**जितेन्द्र सिंह पवॉर**
**पुलिस अधीक्षक अनूपपुर**

## वर्ष 2017 का जैतहरी थाना क्षेत्र का है मामला, 500 के जब्त हुए थे 437 नकली नोट

# नकली नोट छाप कर चलाने वाले आरोपियों को हुई दस वर्ष की जेल




अनूपपुर

न्यायालय प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश पंकज जायसवाल जिला अनूपपुर के द्वारा 11 जुलाई को सत्र प्रकरण क्र. 23/18, थाना जैतहरी के अप. क्र. 331/2017 धारा 489(क), 489(ख), 489(ग), 489(घ) भादवि के आरोपीगण मथुरा प्रजापति, पारसलाल यादव, रूपलाल पुरी, भुजबल मरावी, अनिलशरण दोशवा सभी को भादवि की धारा- 489(ख) के अपराध में 10 वर्ष का कठोर कारावास और 2 हजार रुपए जुर्माना से दण्डित किया गया तथा धारा- 489(ग) के अपराध में 5 वर्ष का कठोर कारावास और 2 हजार रुपए अर्थदण्ड के दण्ड से दण्डित किया गया है। कठोर कारावास के दण्डादेश को न्यायालय द्वारा साथ-साथ भोगे जाने हेतु निर्देशित किया, मामले में राज्य की ओर से पैरवी प्र0 जिला अभियोजन अधिकारी हेमन्त अग्रवाल द्वारा की गई।

घटना 1 नवंबर 2017 को सुबह फरियादी अंशु प्रजापति अपनी किराना दुकान में था। सुबह साढे 6 बजे ग्राम छातापटार का मथुरा प्रजापति उसकी दुकान में आया और 500 का नोट क्र. 9 केएम700868 देकर 20 का सामान राजश्री, बीडी व पंजाबी तड़का लिया। उसने उसे 480 रूपये वापस दिया। उसी दिन शाम को उसने देखा कि मथुरा प्रजापति द्वारा दिया गया 500 रूपये का नोट का कागज मोटा था एवं दाएं भाग में 500 रूपये अंक में लिखे भाग के ऊपर गांधी जी का फोटो नहीं दिखाई दे रहा था। असली नोट से मिलाने पर उक्त 5 रूपये का नोट नकली था, जिसकी शिकायत उसके द्वारा जैतहरी थाने में की गई, थाने में अपराध क्र. 331/17 पर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की गई, जैतहरी पुलिस द्वारा विवेचना के दौरान मथुरा प्रजापति को गिरफतार कर उससे पूछताछ की गई, उसके कब्जे से एक और 500 रूपये का नकली नोट जब्त किया गया, आरोपी मथुरा प्रजापति द्वारा बताया गया कि आरोपी पारस लाल उसे चलाने के लिये दिया था, पारसलाल को भी पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया उससे पूछ-ताछ की गई, उसके कब्जे से 500-500 के 34 नकली नोट जब्त किये गए, पारसलाल द्वारा नकली नोट आरोपी रूपलाल पनिका द्वारा दिए जाना बताया, रूपलाल पनिका से पूछ-ताछ करने पर उसने अपना अपराध स्वीकार किया, उसके कब्जे से 500-500 के 44 नकली नोट जब्त किये गए, आरोपी रूपलाल पनिका द्वारा नकली नोट आरोपी भुजबल से लेना बताया गया।

उक्त जानकारी के आधार पर पुलिस द्वारा भुजबल से पूछताछ की गई, उसके कब्जे से 140 नग नकली 500 के नोट पाए गए, भुजबल द्वारा नकली नोट अन्य आरोपी अनिल शरण से प्राप्त होना बताया गया। अनिल शरण को भी गिरफ्तार किया गया उसके कब्जे 197 नकली 500 के नकली नोट जब्त किये गए, अनिल शरण के कब्जे से ही नोट बनाने में प्रयोग किया गया प्रिंटर, कम्प्यूटर आदि सामग्री जब्त की गई। इस आरोपी द्वारा बल्देव सिंह को भी नकली नोट देना बताया, बलदेव सिंह के कब्जे से भी 20 नग 500 के नकली नोट जब्त किये गए। आरोपीगण से जब्त नकली नोटों को जांच हेतु एसबीआई बैंक एवं पुणे फॉरेंसिक विभाग को भेजा गया, जिनकी रिपोर्ट के आधार पर आरोपीगण से जब्त नोट फर्जी पाए गए। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए जिला दण्डाधिकारी अनूपपुर की अध्यक्षता में आयोजित कमेटी द्वारा इस प्रकरण को चिन्हित एवं सनसनीखेज प्रकरणों की सूची में शामिल किया गया। प्रकरण की विवेचना व अन्य कार्यवाही की मॉनिटरिंग पुलिस अधीक्षक अनूपपुर द्वारा की गई और प्रकरण में राज्य की ओर से पैरवी जिला अभियोजन अधिकारी अनूपपुर द्वारा की गई। प्रकरण में विचारण के दौरान पैरवीकर्ता अभियोजन अधिकारी द्वारा विवेचना में आए सभी तथ्यों को न्यायालय के सामने रखा, और नकली नोटों की जब्ती आरोपीगण से ही हुई थी। इस संबंध में साक्ष्य प्रस्तुत किया, तथा जब्तशुदा समस्त नकली नोटों और नकली नोटों के संबंध में आई रिपोर्ट को भी न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने प्रथम दृष्टया समस्त नोटों को फर्जी होना प्रमाणित माना, न्यायालय द्वारा प्रकरण की गंभीरता और इस प्रकार के अपराध से देश की अर्थव्यवस्था पर पडने वाले प्रभाव को ध्यान में रखते हुए उक्त कठोर दण्डादेश से दण्डित किया है।

### एक आरोपी हुआ फरार

प्रकरण का एक आरोपी बल्देव सिंह, अनुपस्थित रहा, उससे सम्पर्क स्थापित किया गया, उसकी कार्यवाही को प्रकरण से पृथक किया गया। इस आरोपी के अनुपस्थित होने के कारण जमानत मुचलके जब्त किये गए, स्थायी गिरफ्तारी वारण्ट जारी किया गया और इस आरोपी के संबंध में निर्णय को बंद लिफाफे में रखा गया। इस आरोपी के गिरफ्तार होने पर भविष्य में माननीय न्यायालय द्वारा दण्ड के विषय में सुनकर दण्डादेश पारित किया जा सकेगा।



## भारी बारिश में सैकड़ों ग्रामीण पहुंचे कलेक्ट्रेट हाथियों को रेस्क्यू करने लगाई गोहार

*कलेक्टर ने तत्काल काम शुरू करने का दिया आश्वासन*

**अनूपपुर।** हमारा गांव संगठन के सैकड़ों ग्रामीण भारी बारिश के बीच शुक्रवार 12 जुलाई की दोपहर कलेक्ट्रेट पहुँचे। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने तत्परता दिखलाते हुए पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह पंवार और पुष्पराजगढ विधायक फुन्देलाल सिंह की उपस्थिति में जिला पंचायत सदस्य रंजीत सर्राटी और ग्रामीणों से मिले, उनकी बातों को ध्यान पूर्वक सुना और उनका ज्ञापन लिया। कलेक्टर ने 24 घंटे के भीतर कार्यवाही शुरू करने का आश्वासन दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हाथियों की समस्या से निजात पाने के लिये हमारा गाँव संगठन के प्रदेश सचिव रंजीत सर्राटी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री मप्र शासन भोपाल के नाम कलेक्टर अनूपपुर को ज्ञापन सौंपने ग्राम गोबरी, कल्याणपुर, गोरसी, गौरेला, वेंकटनगर, चोलना, खूंटाटोला, कांसा, लखनपुर, केकरपानी सहित अन्य गाँव के सैकड़ों लोग कलेक्ट्रेट अनूपपुर पहुंचे।

उन्होंने कलेक्टर को बतलाया कि विगत कुछ वर्षों से छत्तीसगढ़ की सीमा से लगे अनूपपुर जिले के जैतहरी, अनूपपुर, कोतमा के ग्रामीण क्षेत्रों में छत्तीसगढ़ से आए हाथियों की दहशत है। इसी वर्ष कई महीने से ये जंगली हाथी ग्रामीणों की फसलों, घरों और उनके जीवन को नुकसान पहुंचा रहे हैं और उनके लिये बडा खतरा बन गये हैं। आए दिन इनकी घुसपैठ से फसलें नष्ट हो रही हैं, घरों को नुकसान हो रहा है और लोगों की जानें जा रही हैं। इन्हे रोकने, इन्हे हटाने के काम में वन विभाग और स्थानीय प्रशासन असफल साबित हुआ है। हमारा गाँव संगठन के प्रदेश सचिव, जिला पंचायत सदस्य रंजीत सर्राटी के नेतृत्व में गोबरी, गौरेला, कांसा, लखनपुर, केकरपानी, ठेंगरहा, दुधमनिया सहित अन्य गाँव ग्रामीणों ने कलेक्टर को बतलाया कि जंगली हाथियों के हमले से ग्रामीण परेशान और भयभीत हैं। कुछ लोगों की जान चली गयी थी और ग्रामीणों-वन विभाग में विवाद की स्थिति बनने पर ग्रामीणों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया है।

रंजीत सर्राटी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री के नाम पत्र सौंप कर सरकार से मांग की है कि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों से हाथियों को तत्काल रेस्क्यू किया जाए। मप्र सरकार यह स्थायी व्यवस्था करे कि हाथियों के कारण हमारे गाँव के छात्र-छात्राओं, किसानों, मजदूरों एवं ग्रामीणों को डर कर ना रहना पड़े। वन विभाग और प्रशासन इन जंगली हाथियों को यहाँ से दूर खदेड़ने में विफल रहा है। इसकी पुख्ता व्यवस्था हो कि हाथी हमारे कृषि, घर और जान-माल का नुकसान ना कर पाएं। हम इस प्रदर्शन और आज सौंपे जा रहे पत्र के माध्यम से स्थानीय प्रशासन और मप्र सरकार को सूचित कर रहे हैं कि 15 दिन के भीतर हमारे ग्रामीण क्षेत्र से हाथियों का रेस्क्यू किया जाए। यदि ऐसा नहीं किया जाता है तो हम जैतहरी मार्ग मे वृहद चकाजाम आन्दोलन करेंगे और कलेक्ट्रेट कार्यालय का घेराव करेंगे।

# कार्यकर्ताओं के परिश्रम से भाजपा का वोट प्रतिशत बढ़ा-दिलीप जायसवाल




**अनूपपुर।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा 12 जुलाई को अनूपपुर के होटल सूर्या में प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में पारित राजनीतिक प्रस्तावों और 3 जुलाई को मध्यप्रदेश सरकार द्वारा विधानसभा में प्रस्तुत बजट को लेकर पत्रकार वार्ता को मध्य प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिलीप जायसवाल एवं भाजपा जिला अध्यक्ष रामदासपुरी जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह की उपस्थिति में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिलीप जायसवाल ने कहा कि भाजपा कार्यकतार्ओं की अथक मेहनत और परिश्रम से भाजपा को मध्यप्रदेश सहित देशभर में इस लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक सफलता प्राप्त हुई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार द्वारा बीते दस वर्षों में किए गए गरीब कल्याण, सुशासन के कामों और जनहित की योजनाओं के कारण ही मध्यप्रदेश के लोकसभा चुनाव में भाजपा को सभी 29 लोकसभा सीटों पर विजय प्राप्त हुई है। इसके साथ ही दक्षिण के राज्यों के साथ देश भर में भाजपा का वोट प्रतिशत बढ़ा है। हाल ही में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में भाजपा सरकार द्वारा विधानसभा में जो बजट प्रस्तुत किया गया है, वह बजट जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए लाया गया है। यह बजट 2024 विकसित भारत बनाने के संकल्प को पूरा करने में योगदान देने वाला है।भाजपा द्वारा आयोजित पत्रकार वार्ता में मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में भाजपा और एनडीए को ऐतिहासिक बहुमत मिला और नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने हैं। 62 वर्षों बाद देश ने किसी प्रधानमंत्री को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में जनादेश देकर स्वीकारोक्ति की है। भाजपा को इस लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बताई चार जातियां युवा, गरीब, महिला और किसान सहित सभी समाज वर्ग के कल्याण के लिए किए गए कार्यों से विजय मिली है। उन्होंने प्रिंट मीडिया एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि प्रधानमंत्री का वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य है। हमारे कर्मठ व जुझारू मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में भाजपा सरकार का प्रयास है कि आगामी 5 वर्षों में प्रदेश के वार्षिक बजट के आकार को दोगुना किया जाए।

## श्री कल्याण सेवा आश्रम अमरकंटक लगाएगी मां नर्मदा के नाम 1000 पेड़



**अमरकंटक।** पूरे देश में चल रहे प्रधानमंत्री मोदी के अभियान एक पेड़ मां के नाम पर लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। अमरकंटक में कल्याण सेवा आश्रम ने 1000 पौधारोपण का लक्ष्य ले रखा है जिसमें कल 50 औषधीय पौधों का रोपण कर इसकी शुरूआत कर दी है। कल्याण सेवा आश्रम के प्रमुख हिमाद्री मुनि महाराज जी ने बताया कि जिला प्रशासन ने भूमि चयन कर आश्रम को हरा भरा करने की जिम्मेदारी सौंपी है। जिसमें हम एक हजार पेड़ मां नर्मदा के नाम का अभियान शुरू कर शुक्रवार से पौधारोपण किया जा रहा है जहां पहले दिन ही 50 पौधों का रोपण किया गया। इसके बाद अमरकंटक के मुक्तिधाम धाम में पौधरोपण कर इस क्षेत्र का विकास पवित्र नगरी अमरकंटक के अनुरूप किया जाएगा। जिले में कलेक्टर आशीष वशिष्ठ तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ट शर्मा के मार्गदर्शन में अनूपपुर जिला अंतर्गत अमरकंटक स्थित श्री कल्याण सेवा आश्रम ट्रस्ट द्वारा भी प्रशासन की प्रेरणा से बृहद वृक्षारोपण करने का अभियान का श्री गणेश किया गया है।

## कोतमा थाने में आयोजित हुई शांति समिति की बैठक



**कोतमा।** आगामी दिनो मे पड़ने वाले मुहर्रम पर्व को आपसी भाईचारे के साथ शांति व सौहादर्पूणर् वातावरण में मनाने जाने को लेकर शुक्रवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मोहर्रम पर्व के दौरान जगह-जगह चल रहे तकरीर, लंगर एवं ताजिया निकलने वाले मार्ग को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में एसडीएम अजीत तिर्की, एसडीओपी व्हीपी सिंह सहित जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक, पत्रकार मौजूद रहे। नगर निरीक्षक सुंद्रेश सिंह ने कहा कि मोहर्रम पर्व को देखते हुए शांति शांति व्यवस्था बनाए रखना हम सब की पहली प्राथमिकता है जिसको लेकर पुलिस को निरंतर सभी का सहयोग भी मिल रहा है। 17 जुलाई को बुधवार के दिन ताजिया का जुलूस नगर के मुख्य मार्ग पर निकाली जाएगी। जुलूस वाले मार्ग पर नगर प्रशासन द्वारा साफ सफाई, जल एवं यातायात व्यवस्था पूरी तरह से व्यवस्थित बनाई जाएगी। जहां पर ताजिया विसर्जन होगा वहां पर भी बिजली, सफाई, पानी सहित अन्य व्यवस्थाओं को भी दुरुस्त रखा जाएगा। बैठक में मो तोहीद, रोशन वारसी, मो मुफीद, अजय ताम्रकार, जमील, हलीम, सलीम उपस्थित रहे।

## भक्ति में डूबा कोयलांचल नगरी बदरा श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन



**अनूपपुर।** श्री राधाकृष्ण महाराज की अहैतु की कृपा, पूर्वजों के आशीर्वाद और पूज्यपाद सद्गुरू की प्रेरणा से स्थानीय निवास गुरु आश्रम, सेमरा, कोयांचल नगरी बदरा में श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस भव्य आयोजन में आचार्य श्री बालकृष्ण पाण्डेय गुरु महाराज जी अपने श्रीमुख से भागवत कथा का रसास्वादन करा रहे हैं। कोयलांचल नगरी बदरा में श्रीमद् भागवत का आयोजन एक ऐतिहासिक और यादगार अनुभव बन गया। इस भव्य आयोजन ने न केवल लोगों को आध्यात्मिक रूप से जागृत किया बल्कि सामाजिक समरसता और सामुदायिक भावना को भी मजबूत किया। ऐसे आयोजन क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर को संजोए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और भावी पीढ़ी को भक्ति और आस्था की राह दिखाते हैं। यह कार्यक्रम 5 जुलाई से प्रारंभ हुआ था और 14 जुलाई तक चलेगा। इस दौरान विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है और किया जाएगा जिनमें कलश यात्रा, श्री कृष्ण जन्मोत्सव, श्री रूकमणी कृष्ण विवाहोत्सव और सुदामा चरित प्रमुख हैं। इन सभी कार्यक्रमों में भक्तों का अपार उत्साह और सहभागिता देखने को मिली। भक्तों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और अपने जीवन को भगवान की कथाओं से आलोकित किया। इस पूरे आयोजन का समापन 14 जुलाई 2024 को होगा। समापन समारोह में हवन और पूणार्हुति के बाद, प्रसाद वितरण और भंडारे का आयोजन किया जाएगा। भक्तजन इस अवसर पर एकत्रित होकर भगवान की कृपा और आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। श्रीमद् भागवत कथा जैसे आयोजन सामाजिक समरसता और सामुदायिक भावना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।